“चन्द्र गहना से लौटती बेर (कवि- केदारनाथ अग्रवाल)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सार्वाधिक विकल्प छाँटकर लिखिए –.

1 कवि ने चने को ‘गुलाबी पगड़ी’ बांधे हुए क्यों कहा है?

(क) चना बहुत प्रसन्न है (ख) चना विवाह के लिए तैयार है
(ग) चना पकने को है (घ) चने को मिलने जाना है

उत्तर..

2 हृदय का दान से अभिप्राय................................ है|

(क) हृदय का इलाज करना (ख) प्यार करना
(ग) भला चाहना (घ) इज्जत देना

3 “फाग गाता मास फागुन आ गया है” पंक्ति में कौन–सा अंलकार है?

(क) यमक (ख) उपमा
(ग) मानवीकरण (घ) रूपक

उत्तर..

4 “प्रेम की प्रिय भूमि उपजाऊ अधिक है”– किसके लिए कहा गया है?

(क) सरसों के लिए (ख) व्यापारिक भूमि के लिए
(ग) ग्रामीण परिवेश के लिए (घ) अलसी के लिए

उत्तर..

5 चांद गोल खम्भा–सा क्यों लग रहा हैं?

(क) पानी के हिलने के कारण (ख) पानी के ठहरे होने के कारण
(ग) मछलियों के चलने के कारण (घ) बगुलों के भय के कारण

उत्तर..

6 कविता में सरसों का ‘सयानी’ होने का संकेत किससे मिलता है?

(क) हठीली होने से (ख) ब्याह–मंडप में पधारने से
(ग) हृदय दान देने से (घ) पीले फूल आने से

उत्तर..

7 ‘चन्द्रगहना से लौटती बेर’ कविता में ‘प्रेम की प्रिय भूमि उपजाऊ अधिक हैं’-किसके लिए कहा गया हैं ?

1 सरसों के लिए 3 व्यापारिक भूमि के लिए
2 ग्रामीण परिवेश के लिए 4 अलसी के लिए

उत्तर..

8 'चन्द्रगहना से लौटती बेर' कविता मे तालाब के ताल में भूरी घास लहारियाँ लेती हैं,क्योंकि -:

1 तालाब का पानी हिलता है   2 तालाब में खुश रहती हैं|

3 घास घुँघराली है   4 मछलियाँ घास की हिला देती हैं

उत्तर...

अणु प्रश्न

1 'चन्द्रगहना से लौटती बेर' कविता के कवि का नाम क्या है?

2 कवि के अनुसार चने ने किस रंग की पगड़ी बांधी है।

3 कवि ने सरसों के फूल को किस रूप में प्रस्तुत किया हैं।

4 'अलसी' कवि को कैसी दिखाई दे रही है।

5 कवि के अनुसार प्रेम ही प्रेम कहां दृष्टिगोचर होता है।

6 फ़ागुन, फ़ाग क्यों गा रहा है।

7 तालाब का पानी कौन पी रहा है।

8 बगुला पानी में कैसे खड़ा है।

9 कविता में मछली किसका प्रतीक हैं।

10 सफेद बगुले को कवि क्या बता रहा है।

11 गांव के तालाब में कवि ने क्या–क्या चित्रित कर रहा है।

12 'चन्द्र गहना से लौटती बेर' कविता में बगुला और पत्थर किसके प्रतीक हैं?

13 'चन्द्र गहना से लौटती बेर' कविता में सायानी किसको कहा गया है ?

14 चाँद गोल खम्भे सा क्यों लग रहा हैं ?

15 प्यासे पत्थर क्या कर रहे हैं ?

16 चतुर चिड़ियाँ, मीन को चोंच में दबाकर कहाँ ले जाती हैं ?

17 चने को कवि ने किस स्थिति में बताया हैं ?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15-20 शब्दों में लिखिए : (अंक-1)

1. ‘चन्द्र गहना से लौटती बेर’ कविता में बगुला और पत्थर किसके प्रतीक हैं? 2014
2. ‘चन्द्र गहना से लौटती बेर’ कविता में प्रेम की उपजाऊ भूमि किसे कहा है ?
3. ‘चन्द्र गहना से लौटती बेर’ कविता में चाँद के प्रतिबिम्ब को कवि ने किस रूप में दर्शाया हैं?2016
4. ‘चन्द्र गहना से लौटती बेर’ कविता में ‘सायानी’ किसको कहा गया है ? 2017
5. “खगकुल कुल कुल सा बोल रहा-” में प्रयुक्त किन्हीं दो अलंकारों के नाम लिखें | 2016
6. ‘चन्द्र गहना से लौटती बेर’ कविता के आधार पर लिखिए कि ग्रामीण अंचल को प्रेम के लिए उर्वर क्यों माना जाता हैं ? 2016
7. ‘चन्द्र गहना से लौटती बेर’ कविता में बगुला समाज के किस वर्ग का प्रतीक हैं और किन विशेषताओं को रेखांकित करता हैं | 2016
8. ‘चन्द्र गहना से लौटती बेर’ कविता के आधार पर बताइए कि ‘सरसों’ को सबसे सायानी क्यों कहा गया हैं | 2013
9. ‘चन्द्र गहना से लौटती बेर’ कविता में कवि ने चने को गुलाबी मुरैठा बांधें बैठा हुआ क्यों कहा हैं ?

लघुउत्तरीय प्रश्न

1 चन्द्र गहना से लौटती बेर कविता में कवि ने तालाब में पत्थरों को प्यासे ,पानी पीते पत्थर क्यों कहा हैं?

2 चन्द्र गहना से लौटती बेर’ कविता में ‘बगुला’ और ‘मछली’ समाज के किस वर्ग के प्रतीक हैं? आज के समाज में ये कहाँ तक प्रासंगित हैं ? 2015